**जागरुकता** विश्व पृथ्वी दिवस पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, हुए जागरूकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों ने लिया धरती बचाने का संकल्प, प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



**नवभारत,जबलपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को जबलपुर में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक गतिविधियां देखने को मिलीं। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान तथा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों और विशेषज्ञों ने पृथ्वी संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और प्रदूषण जैसी समस्याओं पर विशेषज्ञों ने चिंता जताई। विद्यार्थियों को प्लास्टिक उपयोग में कमी, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और सतत जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## पृथ्वी से ही मानव जीवन और अस्तित्व जुड़ा है : कुलगुरु

रादुविवि के कृषि विज्ञान संस्थान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी से ही मानव जीवन और अस्तित्व जुड़ा है तथा इसकी संपदाओं से ही आर्थिक विकास संभव है। उन्होंने युवाओं से प्रकृति से जुड़ने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## छात्रों की प्रदर्शनी और नवाचार ने खींचा ध्यान

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल और प्रायोगिक प्रदर्शनी रही, जिसमें जलवायु परिवर्तन, औषधीय पौधे, आरोग्य वन, नक्षत्र वाटिका, मिलेट्स और माइक्रोग्रीन्स जैसे विषय शामिल थे। मुख्य अतिथि ने छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। इस अवसर पर मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम की रिपोर्ट का भी लोकार्पण किया गया, जिसे आत्मनिर्भरता और सतत कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

## प्रकृति और पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व



इसी क्रम में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विश्व पृथ्वी दिवस पर कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन ने की। मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. महाजन सर ने उपस्थित जनों को अनुभूत करते हुए कहा कि प्रकृति और पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने प्रकृति की रक्षा को प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व बताया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रभारी डॉ. सोना दुबे द्वारा तैयार की गई |इस अवसर पर शिव मोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट सत्येंद्र कटारा, प्रियंका गौतम एवं प्रतीक कुमार तिवारी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




# वैज्ञानिकों ने एआई, एकीकृत प्रबंधन और अर्थव्यवस्था पर दिया जोर

**भाकृअनुप निदेशालय का 38वां स्थापना दिवस मनाया गया**

**नवभारत,जबलपुर।** भा.कृ.अनु.प. खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर ने बुधवार को अपना 38वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं परिषद के महिमा गीत से हुआ। निदेशक डॉ. जे. एस. मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. पी.के. मिश्रा ने वैज्ञानिक खरपतवार प्रबंधन में हितग्राही संवाद और निर्धारित तकनीकों के पालन पर बल दिया। उन्होंने एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता भी बताई। विशिष्ट अतिथियों में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मंदीप शर्मा, एआईसीआरपी (तिल एवं रामतिल) के परियोजना समन्वयक डॉ. ए.के. विश्वकर्मा, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलगुरु डॉ. ए.के. पांडे, जेएनकेवीवी जबलपुर के निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. टी.आर. शर्मा, अधिष्ठाता डॉ. ए.के. श्रीवास्तव तथा विंग्स कॉन्वेंट स्कूल के संचालक राजीव कुमार सिंह शामिल रहे।

डॉ. मंदीप शर्मा ने गाजरघास एवं लैंटाना के प्रभावी नियंत्रण पर जोर दिया, जबकि डॉ. ए.के. विश्वकर्मा ने एआई आधारित तकनीकों की उपयोगिता बताई। डॉ. ए.के. पांडे ने चक्रीय अर्थव्यवस्था आधारित खरपतवार उपयोग की अवधारणा प्रस्तुत की।

## 10 प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में वार्षिक रिपोर्ट, तकनीकी बुलेटिन, गाजरघास जागरूकता सप्ताह रिपोर्ट सहित कई प्रकाशनों का विमोचन हुआ। पनागर, पाटन, बरगी और सिहोरा क्षेत्र के 10 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 के 'बेस्ट वर्कर अवॉर्ड' तथा दीर्घ सेवा करने वाले कर्मचारियों को भी सम्मान मिला। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यक्रम में 165 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रत्यक्ष एवं 50 ने वर्चुअल रूप से सहभागिता की। अंत में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन डॉ. योगिता घरडे ने किया।

## एक नजर में



### सौम्या मिश्र लोकगंधर्व सम्मान से विभूषित

**नवभारत, जबलपुर।** शिक्षाविद् 'पं. अजय शर्मा' गूंज स्मृति अंतर्राष्ट्रीय कला मंच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित 'लोकगंधर्व पं. रुद्रदत्त दुबे जीवंत सम्मान से चर्चित लोकगायिका सौम्या त्रिपाठी मिश्र को विद्वान पंडितों द्वारा स्वस्ति वाचन के बीच गरिमामय समारोह में लोक गंधर्व जीवंत सम्मान नगद राशि सम्मन पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षाविद् डॉ. धीरेन्द्र पाठक के मुख्य आतिथ्य डॉ. अल्केश चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं डॉ. चंद्रा चतुर्वेदी, डॉ. राकेश कुमार दुबे, डॉ. बैजनाथ गौतम के विशिष्ट आतिथ्य में लोक कवि पं. रुद्रदत्त दुबे करुण द्वारा रचित रसक मोहनी काण्यकृति का विमोचन एवं गायन सम्पन्न हुआ। द्वितीय चरण में सम्मानित गायिका सौम्या मिश्रा ने पारम्परिक लोकवाद्यों के साथ बंदेली लोकधारा की सरस सरिता प्रवाहित की । वैशाली दीवान शैली के साथ ही हेमराज चड़ार, रिषभ भट्ट, मस्तराम बंसल, लखनलाल रजक ने लो. कवाद्यों पर अभूतपूर्व संगत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतिम चरण में लोकसुर मणि डॉ. बैजनाथ गौतम, लोकरस माधुरी शिप्रा सुल्लेरे ने परशुराम पटेल एवं अंजु दुबे जैसे सिद्धहस्त कलाकारों की संगत के साथ भक्तिरस की वर्षा की। माधुरी उमेश मिश्रा, वैशाली दीवान ने काव्यमय संचालन से श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. मनीष तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। सोमदत्त दुबे, शरद अग्रवाल, नीरज शुक्ला, ओम दुबे, डॉ. शिवहरे, मधुमेष मिश्रा, अन्नपूर्णा दुबे विशेष रुप से उपस्थित थे।

### आदि शंकराचार्य जयंती पर गूंजे अद्वैत दर्शन के स्वर

**नवभारत, जबलपुर।** सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में आदि शंकराचार्य जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पादुका पूजन एवं रुद्राभिषेक किया गया। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद और चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित संगोष्ठी में अद्वैत दर्शन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। महाराज श्री ने बताया कि 'ब्रह्म सत्यं, जगत मिथ्या' का सिद्धांत जीवन का मूल तत्व है, जिसमें जीव और ब्रह्म की एकता को दर्शाया गया है। कार्यक्रम में भरत सिंह यादव, संदीप जैन, सुधांशु गुप्ता, राघवेंद्र यादव, ब्रजेश दुबे, सच्चिदानंद शेखटकर, तरुण कटहल, सुभाष कुदरहा और मनोज सेन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर की बैठक में महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए संगठन को सुदृढ़ और सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नियमित, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारियों व पेंशनर्स से व्यापक संपर्क अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। बैठक में जोनल सेक्रेट्री एन.के. यादव ने फेडरेशन की बढ़ती सक्रियता की सराहना की, वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष उमाशंकर मेहता ने संगठन के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष रामेश्वर गांगे और अवसार अहमद ने सभी वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने की प्रतिबद्धता दोहराई। क्षेत्रीय सचिव संकेत त्रिपाठी ने संगठन को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों की बात कही। गोपाल चौहान, कार्तिक शर्मा, पुष्पेंद्र यादव ने युवा कर्मचारियों के बढ़ते जुड़ाव को सकारात्मक संकेत बताया। बैठक में मदन वर्मा, जे.एल. जोशी, उम्मेद सिंह राजपूत, संजय शकरगाय, एम.के. मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# हर माह पहली तारीख को गूंजेगा राष्ट्रगान

**मप्र कांग्रेस कमेटी के शहर एवं जिला संगठनों की संयुक्त बैठक**



**नवभारत,जबलपुर।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के जबलपुर शहर एवं जिला संगठनों की संयुक्त बैठक टाउन हॉल स्थित गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज मनोज नामदेव ने की। बैठक में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष नारायण सिंह शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के परिपत्र का वाचन करते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले एवं महासचिव महेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के हितों के समाधान के लिए संगठन को मजबूत किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को प्रात: 10 बजे गांधी भवन में सभी सदस्य एकत्र होकर अनिवार्य रूप से राष्ट्रगान करेंगे। साथ ही संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और नगर व जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया जारी है, जिसकी घोषणा शीघ्र की जाएगी। बैठक में निर्मल जैन, केशव प्रसाद चौरसिया, ओम प्रकाश जायसवाल, ओम शर्मा, डॉ. किरण गठौरिया, प्रीति चौधरी, श्याम सोलंकी, अशोक यादव, पवन सोनी, एलीकेश गुप्ता, डॉ. निधि शर्मा और श्रीमती आशा मालवीय सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### चित्रगुप्त जयंती पर नर्मदा महाआरती आज

**नवभारत, जबलपुर।** श्री चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर कायस्थ महासभा, श्री चित्रगुप्त महाराज सेवा समिति एवं महिला परिषद् फूटाताल द्वारा आज फूटाताल मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रात: 9 बजे पूजा-अर्चना एवं भंडारा होगा, वहीं शाम 7 बजे मां नर्मदा की भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का सानिध्य विनय सक्सेना एवं सुश्री शोभा दीदी प्रदान करेंगे। आयोजन में अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, विनोद कुमार, संतोष श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश, सचिन खरे, ज्योति खरे एवं सरोज खरे सहित अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।




## कल्चुरी महासभा ने शुरू किए सार्वजनिक प्याऊ

**भीषण गर्मी में आमजन को मिलेगा शीतल जल**

**नवभारत,जबलपुर।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कल्चुरी महासभा ने शहर के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ शुरू किए हैं। अध्यक्ष मनोहर चौकसे ने बताया कि यह पहल आमजन को राहत देने के लिए की गई है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राजेश जायसवाल ने इसे सनातन परंपरा का पुण्य कार्य बताया। आधारताल स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर में पहले प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जहां सत्तू का वितरण भी हुआ। इस दौरान मनोहर चौकसे, बीडी राय, डॉ. राजेश जायसवाल, ओपी चौकसे, विमल राय, सुनयना जायसवाल, राजीव चौकसे, अभिषेक चौकसे, सरिता चौकसे, पूर्णिमा राय और उमाशंकर चौकसे सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## संकीर्तनाचार्य की उपाधि से सुरेंद्र और सुरेश सम्मानित

**दादा ठन ठन पाल निर्वाण दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित**

**नवभारत, जबलपुर।** नरसिंह मंदिर, शास्त्री ब्रिज में दादा ठन ठन पाल महाराज का निर्वाण दिवस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम जगद्गुरु नर्सिंह देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेंद्र गिरी गोस्वामी और सुरेश विश्वकर्मा को 'संकीर्तनाचार्य' तथा श्याम मनोहर पटेल को 'सह संकीर्तनाचार्य' की उपाधि प्रदान की गई। महाराज श्री ने बताया कि दादा ठन ठन पाल जी लोककल्याण के लिए समर्पित संत थे और संकीर्तन के माध्यम से जनजागरण में उनका विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. सुधीर अग्रवाल, सुषमा शंकर पटेल, डॉ. शंकर पांडे, समर सिंह, दुर्गा कुर्मी, बंटी पटेल, करण पटेल, विनोद दीवान, मनोज, उमेश व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### साधारण सम्मिलन की बैठक आज



**नवभारत, जबलपुर।** अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की साधारण सम्मिलन की बैठक गुरूवार को समय प्रात: 11 बजे से नगर निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में आयोजित की गयी है। उन्होंने बताया कि सदन की साधारण बैठक में शहर विकास से संबंधित 19 महात्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## 'सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष' सम्मान से नवाजे गए मुल्कराज बादशा

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में जबलपुर मेन ग्रुप का शानदार प्रदर्शन**



**नवभारत, जबलपुर।** चांदखेड़ी में आयोजित 30वें राष्ट्रीय अधिवेशन में मुल्कराज-अंजलि सिंघई 'बादशा' (निवर्तमान अध्यक्ष, जबलपुर मेन ग्रुप) को वर्ष 2025 का 'सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष' सम्मान प्रदान किया गया। जबलपुर मेन ग्रुप ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पुरस्कार हासिल किए। वरिष्ठ सदस्य विनय-अनिता जैन को 'प्लेटिनम ऑफ द ईयर' तथा पूर्व अध्यक्ष प्रशांत-प्रियांशी जैन को 'ज्वेल ऑफ द ईयर' सम्मान मिला। पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण में प्रथम तथा स्क्रैप बुक में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 'चंद्रोदय घोष' स्मारिका के सफल संपादन हेतु प्रशांत-प्रियांशी जैन (प्रधान संपादक) सहित गोपाल-अर्चना जैन, विकास-शिखा जैन, संजय 'सम्यक'-आभा जैन, यतीश-ज्योति जैन और अंजुल-स्वाति जैन को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी ने संपादक मंडल की सराहना की। वहीं विनय-अनिता जैन को पुन: राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप जैन 'आदित्य' एवं विशिष्ट अतिथि हुकुमचंद जैन 'काका' उपस्थित रहे।

**समीक्षा बैठक** बोले-95 प्रतिशत सड़के गड्ढा मुक्त, मुक्तिधाम बनेगे सर्वसुविधा युक्त, 4 घंटे चली समीक्षा बैठक

# उद्यानों को मिलेगा नया स्वरूप, 5 स्टार चौपाटी विकसित होगी : महापौर



**नवभारत,जबलपुर।** मुक्तिधामों को और सुंदर बनाया जाएगा। जबलपुर के प्रवेश द्वारों को आकर्षक रूप दिया जा रहा है, साथ ही, शहर में दो स्थानों पर 5-स्टार स्तर की चौपाटी विकसित करने की योजना है। नेपियर टाउन स्थित चंदन वन, पचपेढ़ी उद्यान के साथ शहर के अन्य उद्यानों को भी जल्द ही नया स्वरूप दिया जाएगा। यह बातें महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं देने और आगामी ऋतुओं की चुनौतियों से निपटने के लिए समीक्षा बैठक की। 4 घंटे चली इस मैराथन बैठक में लोककर्म, उद्यान एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में महापौर ने कहा कि जबलपुर नगर निगम आर्थिक रूप से समृद्ध है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

महापौर ने कहा कि शहर की 95 प्रतिशत सड़कें गडढ़ा मुक्ति हुई हैं, शहर के मुक्तिधाम को सर्वसुविधायुक्त बनाने शीघ्र टेंडर जारी किए जाएंगे। महापौर ने बताया कि अनुशंसा और जनभागीदारी से यहाँ लैंडस्केपिंग, पौधारोपण, फाउंटेन, दुधिया लाइट और प्रार्थना सभा में विंडो कूलर जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। महापौर ने कहा कि 1 अप्रैल से पार्षद, अध्यक्ष और महापौर अनुशंसा के कार्य शुरू हो चुके हैं। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और वार्डों में उद्यानों को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सबसे अधिक उद्यान विकसित करने वाले वार्डों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### छापेमारी कर होगी जांच लापरवाही पर कार्रवाई

महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अगले माह 80 नई सीएनजी कचरा गाड़ियां बेड़े में शामिल होंगी। नाइट स्वीपिंग (रात्रि सफाई) की निगरानी के लिए छापेमारी शैली में जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### पानी की किल्लत न हो जलभराव रोके

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में पाइप लाइन विस्तार, बोरिंग और टंकियों को पूर्ण क्षमता से भरने का कार्य समय पर पूरा करें ताकि नागरिकों को पानी की किल्लत न हो। वहीं, वर्षा ऋतु में जलभराव रोकने के लिए ओमती और मोती नाले के विस्तार तथा सभी नालों की सफाई के निर्देश दिए गए। पिछले 3 वर्षों में जल संकट और जलप्लावन में भारी कमी आई है। इस वर्ष हम और अधिक व्यवस्थित तरीके से पूर्व तैयारी कर रहे हैं ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### नालों के ऊपर बने अतिक्रण तोड़े

महापौर ने कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करना और शहर का सौंदर्यीकरण हमारी प्राथमिकता है। वर्षा जल की निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले नालों के ऊपर बने सभी अवैध निर्माणों को तोड़ने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। 1 अप्रैल से पार्षद, अध्यक्ष और महापौर मद के सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने की समय-सीमा तय की गई है। इस उच्च स्तरीय बैठक में निगमाध्यक्ष रिंकू विज,एम.आई.सी. सदस्य रजनी कैलाश साहू, दामोदर सोनी, अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, व्ही.एन. बाजपेय सहित सभी विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।